

सत्यमेव जयते

हरित राजमार्ग

(वृक्षारोपण, प्रत्यारोपण, सौन्दर्यीकरण और अनुरक्षण), नीति–2015

GREEN HIGHWAYS

(Plantation, Transplantation, Beautification & Maintenance) , Policy - 2015

भारत सरकार

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय

Government of India

Ministry of Road Transport and Highways

हरित राजमार्ग
Green Highways

(वृक्षारोपण, प्रत्यारोपण, सौन्दर्यीकरण और अनुरक्षण)
(Plantation, Transplantation, Beautification & Maintenance)

नीति-2015
Policy-2015

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
Government of India
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय
Ministry of Road Transport & Highway
नई दिल्ली
New Delhi

सत्यमेव जयते

नितिन गड़करी
NITIN GADKARI
मंत्री सड़क परिवहन राजमार्ग एवं पोत परिवहन
भारत सरकार,
परिवहन भवन, नई दिल्ली–110 001
MINISTER OF ROAD TRANSPORT
HIGHWAYS & SHIPPING
GOVERNMENT OF INDIA
PARIVAHAN BHAWAN, NEW DELHI - 110 001

संदेश

हमारी सरकार का सतत् प्रयास समुदाय, किसानों, गैर–सरकारी संगठनों, निजी क्षेत्र, संस्थानों, सरकारी एजेंसियों और वन विभाग के सहयोग से पर्यावरण अनुकूल राष्ट्रीय राजमार्ग विकसित करने का है। वर्तमान में, सड़क किनारे वृक्षारोपण और अनुरक्षण के संबंध में अलग–अलग व्यवस्थाएं मौजूद हैं, इसकी वजह से इस पर ध्यान नहीं दिया जाता है । इसको कम करने के लिए हमने राजमार्गों के साथ–साथ वृक्षारोपण के लिए एक अलग नीति बनाने का निर्णय लिया है।

इसको देखते हुए, हमने हरित राजमार्ग (वृक्षारोपण, प्रत्यारोपण, सौन्दर्यीकरण और अनुरक्षण) नीति, 2015 तैयार की है ।

इस नीति का उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ–साथ वृक्षारोपण के लिए नीतिगत ढांचा तैयार करना है । वैज्ञानिक वृक्षारोपण वायु प्रदूषण और धूल के प्रभावों को कम करता है क्योंकि वृक्ष और झाड़ियां वायु प्रदूषकों के लिए प्राकृतिक उन्मूलक होते हैं । ये गर्मी के दौरान तपती गर्म सड़कों पर अति आवश्यक छाया प्रदान करेंगे ।

वृक्ष, वाहनों की संख्या में वृद्धि की वजह से हमेशा बढ़ने वाले ध्वनि प्रदूषण के प्रभाव को कम करते हैं और तटबंध ढलावों पर मिट्टी के कटाव को रोकते हैं, फलस्वरूप राजमार्गों का जीवन बढ़ जाता है । वृक्ष न केवल आने वाले वाहनों की हेड लाइट की रोशनी को रोकते हैं बल्कि हवा और आने वाले विकिरण के प्रभाव को भी कम करते हैं । ये स्थानीय लोगों के लिए रोजगार अवसरों को सृजित करने में भी सहायता करते हैं । हमने कुल परियोजना लागत (टीपीसी) का 1 प्रतिशत वृक्षारोपण निधि के रूप में रखने का निर्णय लिया है जो भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के पास एक अलग खाते में रखा जाएगा ।

वास्तव में यह सही दिशा में एक अच्छी शुरूआत है जो भारत को स्वच्छ, हरित और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए हरित राजमार्गों के सृजन में हमारे मिशन को प्राप्त करने में सहायता करेगी।

(नितिन गडकरी)

दिनांक: 11.09.2015
स्थान: नई दिल्ली

सत्यमेव जयते

नितिन गड़करी
NITIN GADKARI
मंत्री सड़क परिवहन राजमार्ग एवं पोत परिवहन
भारत सरकार,
परिवहन भवन, नई दिल्ली–110 001
MINISTER OF ROAD TRANSPORT
HIGHWAYS & SHIPPING
GOVERNMENT OF INDIA
PARIVAHAN BHAWAN, NEW DELHI - 110 001

MESSAGE

It is the endeavor of our government to develop eco friendly National Highways with participation of the community, farmers, NGOs, private sector, institutions, government agencies and the Forest Department. At present, different types of arrangements exist, with respect to raising and maintaining roadside plantations, because of this it gets neglected. To circumvent it, we have decided to have a separate policy for plantation along highways.

With this in view we have prepared the Green Highways (Plantation, Transplantation, Beautification & Maintenance) Policy-2015.

The objective of the policy is to evolve a policy frame work for plantation along National Highways. Scientific plantation reduces the impacts of air pollution and dust as trees and shrubs are natural sink for air pollutants. This will provide much needed shade on glaring hot roads during summer.

Trees reduce the impact of ever increasing noise pollution caused due to increase in number of vehicles and help in arresting soil erosion at the embankment slopes thereby increase the life of the highways. Trees not only prevent glare from the headlight of incoming vehicles but also moderate the effect of wind and incoming radiation. It will help in creating employment opportunities for local people. We have also decided to keep one percent of the Total Project Cost (TPC) as Plantation Fund which will be kept in a separate account with NHAI.

It is, indeed a positive beginning in the right earnest which will help in achieving our mission of creating green highways to make Clean, Green and Pollution free India.

Jai Hind

(Nitin Gadkari)

Date : 11.9.2015
Plance : New Delhi

सत्यमेव जयते

पोन्. राधाकृष्णन

பொன். இராதாகிருஷ்ணன்

Pon. Radhakrishnan

राज्य मंत्री
सड़क परिवहन राजमार्ग एवं
पोत परिवहन मंत्रालय
भारत सरकार

MINISTER OF STATE
FOR
ROAD TRANSPORT, HIGHWAYS AND
SHIPPING
GOVERNMENT OF INDIA

संदेश

पेड़–पौधों की क्षति, राजमार्ग विकास के अननुमेय परिणामों में से एक है। इस समय राजमार्ग विकास एजेंसियों की यह जिम्मेदारी है कि वे महामार्ग विकास एवं प्रबंधन के माध्यम से इस क्षति की भरपाई करें। राजमार्ग विकास एजेंसियों को राजमार्ग कॉरीडोर के सौन्दर्य संवर्द्धन करने और राष्ट्रीय राजमार्गों के दोनों किनारों पर सुविस्तृत वृक्षारोपण के माध्यम से सड़क निर्माण कार्यकलापों के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के प्रयास किए जाने चाहिए।

वृक्षारोपण स्कीम को मोटे तौर पर दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है – (क) राजमार्ग के दोनों किनारों पर घास और फूलदार झाड़ी/वनस्पति उगाने के साथ–साथ पेड़ लगाना, और (ख) मीडियन/विशेष भूदृश्य/तटबंध ढलानों पर पेड़ लगाना।

राजमार्गों को केवल परिवहन के साधन के नजरिए से ही नहीं देखना चाहिए बल्कि ये भौतिक पर्यावरण और सामाजिक–आर्थिक परिवेश के अभिन्न अंग हैं।

हमारी सरकार का प्रयत्न रहा है कि प्रदूषण नियंत्रण के भरपूर प्रयास किए जाएं। वस्तुतः ये जन–केन्द्रिक पहलें सुनिश्चित करने की दृष्टि से हमने नई नीतियां और मार्गनिर्देश बनाए हैं। इस दिशा में उठाए गए कुछ कदम हैं–ई–रिक्शा की शुरूआत, जैविक ईंधन, हाइब्रिड बसों इत्यादि का उपयोग। अब हमारे पास राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ–साथ वृक्षारोपण की नीति है।

सड़क किनारे वृक्षारोपण के लिए नोडल एजेंसियों को स्थानीय स्व शासन, जेएफएमसी एवं एसएचजी जैसे स्थानीय संस्थानों को वृक्षारोपण, सिंचाई, संरक्षण, फलोपभोग की सांझेदारी करने के लिए काम में लगाने हेतु प्रोत्साहित करना होगा। स्थानीय स्व शासन (एलएसजी), अपने क्षेत्रों में वृक्षारोपण एजेंसियों का चयन करने में सहायक हो सकते हैं। किसी सांविधिक शर्त के अनुपालन में वन विभाग द्वारा निष्पादित शर्तों को छोड़कर सभी प्रकार का वृक्षारोपण, एजेंसी के साथ नोडल एजेंसी द्वारा किए गए समझौता ज्ञापन के अंतर्गत कार्यान्वित होगा। एजेंसियों एवं अन्य सरकारी विभागों की स्कीमों के साथ अभिसरण, जहां कहीं भी व्यवहार्य होगा, संबद्ध और प्रोत्साहित होगा ।

यह नीति राजमार्गों को हरित बनाने के लिए स्थानीय समुदाय को भागीदार बनाएगी और एक विशिष्ट ढंग से सड़क प्रयोक्ताओं की आकांक्षाओं को भी पूरा करेगी ।

जय हिन्द

(पोन्. राधाकृष्णन)

सत्यमेव जयते

पोन्. राधाकृष्णन
பொன். இராதாகிருஷ்ணன்
Pon. Radhakrishnan
राज्य मंत्री
सड़क परिवहन राजमार्ग एवं
पोत परिवहन मंत्रालय
भारत सरकार
MINISTER OF STATE
FOR
ROAD TRANSPORT, HIGHWAYS AND SHIPPING
GOVERNMENT OF INDIA

MESSAGE

Loss of vegetation is one of the inevitable consequences of Highway Development. As of now, it is the responsibility of the highway development agencies to offset this loss through Corridor Development & Management. The highway development agencies should strive to enhance the aesthetics of the highway corridor and reduce the carbon footprint of road construction activities through exhaustive plantation on both sides of NHs.

The plantation scheme has been broadly classified into two categories [a] Tree planting along the Highway Turfing with grasses and shrub/herb, and [b] planting on medians/ special landscapes/embankment slopes.

Highways should not be looked upon merely as a means of transportation, but an integral part and parcel of the physical environment and Socio-economic milieu.

Our Government's endeavour has been to make all out effort to curb pollution. As a matter of fact, we formulated new policies and guidelines with a view to ensuring people-centric initiatives. Some steps in this direction are introduction of e-rickshaw, use of bio-fuel, hybrid buses etc. Now we have a policy for plantation along National Highways.

For roadside plantations, nodal agencies will be encouraged to involve the local institutions like local self governments, JFMCs & SHGs for plantations, watering, protection and sharing of usufructs. Local Self Governments [LSGs] may assist in selecting the plantation agencies in their areas. All plantations, except those carried out by the Forest Department in compliance to any statutory condition, will be carried out under an MOU entered by the nodal agency with the plantation agency. Convergence with schemes of other government departments and agencies will be articulated and encouraged where ever feasible.

The policy will make local community partners in greening the highways and meet the aspiration of the road users in an inclusive manners.

Jai Hind

(Pon Radhakrishnan)

सत्यमेव जयते

विजय छिब्बर
VIJAY CHHIBBER
सचिव
SECRETARY
भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
MINISTER OF ROAD TRANSPORT HIGHWAYS

संदेश

अच्छी सड़कें, सड़क यात्रा को निर्बाध बनाती हैं और राजमार्गों पर वृक्षारोपण, इसे सुखद बनाता है । भारत सरकार का मिशन भारत को प्रदूषण मुक्त बनाना है । राजमार्गों के साथ–साथ वृक्षारोपण को अब सड़क विकास में अतिरिक्त कार्य के रूप में किया जा रहा है । यह कार्य अधिकांशतः उपेक्षित हो जाता है।

निधियों, भूमि आदि की कमी इसके अन्य कुछ कारण हैं। इसलिए, हमने राजमार्गों के साथ–साथ वृक्षारोपण के लिए सुपरिभाषित नीति बनाने का निर्णय लिया है। राजमार्गों को हरित बनाने के लिए पर्याप्त निधि को संग्रह निधि के रूप में अभिनिर्धारित किया गया है। राजमार्ग विकास के लिए भूमि अधिग्रहण के साथ–साथ वृक्षारोपण के लिए भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा।

जलवायु, भौगोलिक स्थिति, अवस्थिति, मृदा परिस्थितियों और स्थानीय अनुकूलताओं के आधार पर मार्गाधिकार और मीडियन में वृक्षों और झाड़ियों की प्रजातियों को लगाए जाने के संबंध में इस नीति में विशिष्ट दिशानिर्देश हैं। स्थानीय समुदाय के लाभ हेतु फलों और छायादार वृक्षों को पर्याप्त महत्व दिया गया है।

राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ–साथ वृक्षारोपण की निगरानी के लिए एक नोडल एजेंसी खोलने का प्रस्ताव किया गया है।

मुझे विश्वास है कि नई हरित राजमार्ग (वृक्षारोपण, प्रत्यारोपण, सौन्दर्यीकरण और अनुरक्षण) नीति–2015, राजमार्ग विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच एक संतुलन बनाएगी तथा आरामदायक सड़क यात्रा के लिए हरित कॉरीडोर सृजन में दीर्घकाल तक कायम रहेगी।

(विजय छिब्बर)

सत्यमेव जयते

विजय छिब्बर
VIJAY CHHIBBER
सचिव
SECRETARY
भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
MINISTER OF ROAD TRANSPORT HIGHWAYS

MESSAGE

Good roads make road journey smooth and plantation along highways make it pleasant. The mission of the Government of India is to make pollution free India. Plantation along highways is now being done as auxiliary work in the road development. It gets neglected most of the time.

Lack of funds, land etc. are some other reasons. Therefore we have decided to have well defined policy for plantation along highways. Sufficient funds have been earmarked as corpus fund for greening of Highways. Land acquisition for plantation will be done along with the land acquisition for highway development.

There are specific guidelines in the policy regarding planting of species of trees and shrubs in there RoW and in the median depending upon the climate, geography, location, soil conditions and local adaptations. Due importance has been given for planting fruits and shade trees for the benefit of local community.

It is proposed to have a nodal agency for monitoring the plantation works along the National Highways.

I am sure that the new Green Highways (Plantation, Transplantation, Beautification & Maintenance) Policy-2015 will strike a balance between highway development and environment protection and will for a long way in creating greener corridors for comfortable road journey.

(Vijay Chhibber)

परिकल्पना

सतत् तरीके से आर्थिक वृद्धि और विकास के लिए समुदाय, किसानों, गैर–सरकारी संगठनों, निजी क्षेत्र, संस्थानों, सरकारी एजेंसियों और वन विभाग के सहयोग से पर्यावरण अनुकूल राष्ट्रीय राजमार्ग विकसित करना।

VISION

To develop eco friendly National Highways with participation of the community, farmers, NGOs, private sector, institutions, government agencies and the Forest Department for economic growth and development in a sustainable manner.

उद्देश्य

राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ–साथ वृक्षारोपण के लिए नीतिगत ढांचा तैयार करनाः

वायु प्रदूषण और धूल के प्रभावों को कम करना क्योंकि वृक्षों और झाड़ियों को वायु प्रदूषकों के लिए प्राकृतिक उन्मूलक के रूप में जाना जाता हैः

गर्मी के दौरान तपती गर्म सड़कों पर अति आवश्यक छाया प्रदान करने के लिएः

वाहनों की संख्या में वृद्धि की वजह से हमेशा बढ़ने वाले ध्वनि प्रदूषण के प्रभाव को कम करनाः

तटबंध ढलावों पर मिट्टी के कटाव को रोकनाः

आने वाले वाहनों की हेड लाइट की रोशनी को रोकनाः

हवा और आने वाले विकिरण के प्रभाव को कम करनाः

स्थानीय लोगों के लिए रोजगार सृजित करना।

OBJECTIVES

To evolve a policy framework for plantation along National Highways;

To reduce the impact of air pollution and dust as trees and shrubs are known to be natural sink for air pollutants;

To provide much needed shade on glaring hot roads during summer;

To reduce the impact of ever increasing noise pollution caused due to increase in number of vehicles;

To arrest soil erosion at the embankment slopes;

To prevent glare from the headlight of incoming vehicles;

To moderate the effect of wind and incoming radiation;

To create employment opportunities for local people;

1. प्रस्तावना:

1.1 वनस्पति की हानि राजमार्ग विकास के अनिवार्य परिणामों में से एक है। महामार्ग विकास और प्रबंधन की पद्धति को अपना कर इस हानि को कम करना राजमार्ग विकास एजेंसियों की जिम्मेदारी है। राजमार्ग विकास एजेंसियों को सभी संभावित अवस्थानों पर राजमार्ग महामार्ग के सौन्दर्य को बढ़ाने के लिए अवश्य प्रयत्न करना चाहिए । राजमार्गों को केवल परिवहन के एक साधन के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसे भौतिक पर्यावरण और सामाजिक–आर्थिक परिवेश के एक एकीकृत अंग के रूप में देखा जाना चाहिए ।

1.2 प्राय:, राजमार्ग परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण योजनाएं तैयार करते समय डीपीआर स्तर के दौरान मार्ग वृक्षारोपण और भूदृश्य पर विचार नहीं किया जाता है । परिणामस्वरूप, निर्माण के पश्चात्, जब वृक्षारोपण वास्तव में शुरू होता है तो केवल यही एक विकल्प बचता है कि जितना भी स्थान उपलब्ध है, वहां वृक्षारोपण किया जाए । कई बार शेष मार्गाधिकार (आरओडब्ल्यू) की चौड़ाई इतनी पर्याप्त नहीं होती कि वहां पौधों की एक एकल कतार लगाई जा सके; जबकि, कई स्थानों पर तीन से चार कतारों में पौधे लगाए जा सकते हैं । मार्ग वृक्षारोपण के लिए पर्याप्त चौड़ाई की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह सिफारिश की जाती है कि वृक्षारोपण के लिए भूमि की आवश्यकता को डीपीआर परामर्शदाताओं द्वारा तैयार की गई भूमि अधिग्रहण योजनाओं में शामिल किया जाना चाहिए ।

2. संस्थागत प्रबंधन और वित्तपोषण पैटर्न

2.1 यह अनुभव किया गया है कि बीओटी, डीबीएफओटी के माध्यम से कार्यान्वित अधिकतर परियोजनाओं और सार्वजनिक वित्तपोषित परियोजनाओं में सड़क किनारे वृक्षारोपण का परिदृश्य संतोषजनक नहीं है। वायु प्रदूषण और धूल कणों के प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से योजना महामार्गों के सौन्दर्य को बढ़ाने के लिए राजमार्गों के साथ–साथ हरित महामार्ग विकसित करने और महत्वपूर्ण स्थानों पर चयनित सजावटी वृक्षों के वृक्षारोपण, भू–सौन्दर्यीकरण और घास तथा सजावटी झाड़ियों के साथ टर्फिंग की जिम्मेदारी सड़क कार्यान्वयन एजेंसियों की है क्योंकि वृक्षों और झाड़ियों को वायु प्रदूषकों और कार्बन सिक्वेंसिंग के लिए प्राकृतिक उन्मूलक के रूप में जाना जाता है । यह वायु प्रदूषण भी कम करता है और गर्मी के दौरान गर्म सड़कों पर अत्यावश्यक छाया भी प्रदान करता है । वृक्षारोपण कटाव ढलावों पर मृदा क्षरण को रोकता है, दूसरी ओर से आने वाले वाहनों की हेड लाइट से रोशनी को रोकता है और हवा तथा आने वाली विकिरण के प्रभावों को कम करता है । हरित महामार्ग लंबी दूरी के मोड़ों और प्रवेशों के लिए चालकों का मार्गदर्शन करते हैं ।

1. Introduction:

1.1 Loss of vegetation is one of the inevitable consequences of Highway Development. It is the responsibility of the highway development agencies to offset this loss by way of following the approach of Corridor Development & Management. The highway development agencies must strive to enhance the aesthetics of the highway corridor at all possible locations. Highways shall not be looked upon merely as a means of transportation, but an integral part and parcel of the physical environment and Socio-economic milieu.

1.2 Often, while preparing the Land acquisition Plans for the highway projects, the land needed for the avenue plantation and landscape improvement is not considered during the DPR stage. As a result, after construction, when the planting is actually to start, there is no option but to accommodate planting in whatever space available. The width of the remaining ROW is, many times, not sufficient to accommodate even a single row of plants; whereas at some places, three to four rows can be planted. In order to ensure availability of sufficient width throughout for avenue planting, it is necessary that the requirement of land for tree plantation shall be included in the Land Acquisition Plans prepared by the DPR consultants.

2. Institutional arrangements and Financing Pattern

2.1 It is experienced that the scenario of road side plantation is not satisfactory in most of the projects implemented through BOT, DBFOT and public funded projects. This is the responsibility of road implementation agencies to develop green corridor along highways for aesthetic enhancement of the project corridors and places of importance by planting selective ornamental trees, landscaping and turfing with grasses and ornamental shrubs, in order to reduce the impact of air pollution and dust as trees and shrubs are known to be natural sink for air pollutants and carbon sequencing. It also reduces noise pollution and provides much needed shade on glaring hot roads during summer. Plantation arrests soil erosion at the embankment slopes, prevents glare from the headlight of incoming vehicles and moderates the effect of wind and incoming radiation. Green corridors guide the drivers for long distance curves and openings.

2.2 देशभर में पर्यावरण अनुकूल तरीके से सड़क नेटवर्क के विकास के साथ–साथ वृक्षारोपण के सफल कार्यान्वयन के लिए, विशेषज्ञों और अनुभवी एजेंसियों/संगठनों को वृक्षारोपण के आउटसोर्सिंग के माध्यम से हरित राजमार्गों का विकास किया जाएगा । नोडल एजेंसी राष्ट्रीय राजमार्गों पर वृक्षारोपण कार्य के लिए ऐसी एजेंसियों को नियुक्त करेगी । सफल एजेंसी वृक्षारोपण और अनुरक्षण के लिए आदर्श टीओरआर, आईआरसी–एसपी–21, 2009 और परियोजना विशेष आरएफक्यू का अनुपालन करेगी ।

2.3 वन क्षेत्रों के लिए नोडल एजेंसी संबंधित वन रेंज कार्यालय होगा । सार्वजनिक वित्तपोषित परियोजनाओं के मामले में नोडल एजेंसी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय/भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय होगा । ऐसे मामलों में, जहां सड़क किनारे वृक्षारोपण रियायत करार में शामिल है, वहां संबंधित रियायतग्राही नोडल एजेंसी होगी ।

2.4 यदि करार के अनुसार निर्धारित समय–अवधि के भीतर ठेकेदार/रियायतग्राही वृक्षारोपण कार्यक्रम को कार्यान्वित करने में असफल रहता है तो सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय अथवा इसकी प्राधिकृत एजेंसियां, संविदा के विशेष कार्य क्षेत्र को समाप्त करने के पश्चात् संबंधित ठेकेदार/रियायतग्राही के जोखिम और लागत पर वृक्षारोपण कार्य शुरू करेंगे। तथापि, विशिष्टताओं का अनुपालन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी आईआरसी–एसपीः 21.2009 के अनुसार नोडल एजेंसी की होगी ।

2.5 प्रजातियों का चयन उक्त दिशानिर्देशों के अनुसार अथवा स्थल विशिष्ट देशी प्रजातियों सहित निकटवर्ती वन विभाग की सिफारिशों के अनुसार ही किया जाएगा ।

2.6 वृक्षारोपण एजेंसी का वृक्षारोपण के अंतर्गत भूमि पर कोई भी अधिकार नहीं होगा । ऐसी एजेंसी ऐसी भूमि पर वृक्षारोपण के अधीन कोई अन्य कार्य अथवा कोई अन्य कार्यकलाप करने के लिए प्राधिकृत नहीं होगी । तकनीकी विशिष्टता, प्रजातियां, अनुरक्षण अनुसूची, उत्तरजीविता, अदायगी निबंधन और शर्तों तथा भूमि और वन उत्पाद के कानूनी अधिकार के सख्त अनुपालन के लिए एजेंसी के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया जाएगा ।

2.7 सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय कुल परियोजना लागत (टीपीसी) का 1 प्रतिशत वृक्षारोपण निधि जो मंत्रालय द्वारा नियुक्त प्राधिकृत एजेंसी के पास एक अलग खाते में रखा जाएगा, के रूप में निर्धारित करने के लिए परिपत्र जारी करेगा ।

2.8 बीओटी परियोजनाओं के मामले में वृक्षारोपण और अनुरक्षण के लिए एजेंसी का प्रापण एक समिति द्वारा किया जाएगा जिसमें संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण/सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, मॉनीटरिंग एजेंसी का प्रतिनिधि, रियायतग्राही शामिल होंगे । सार्वजनिक वित्तपोषित परियोजनाओं के मामले में, मुख्य अभियंता (योजना), सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय/

2.2 For successful implementation of plantation in an eco-friendly manner throughout the country, development of green belts along the highways will be done through outsourcing of Plantation work to expert & experienced agencies/organizations. The Nodal Agency will appoint empanelled agencies for plantation work on National Highways. The successful agency shall follow the model TOR, IRC-SP-21, 2009 and project specific conditions for plantation and maintenance.

2.3 The Nodal agency for forest areas will be the concerned Forest Division. In case of Public Funded Projects the concerned Regional Officer of MoRT&H/ NHAI will be the nodal agency. In cases where roadside plantation is included in the concession agreement, the concerned concessionaire will be the nodal agency.

2.4 MoRTH or its authorised agencies shall take up the plantation work if the contractor/ concessionaire fail to implement the plantation program within the stipulated time period as per agreement at the risk and cost of the concerned contractor/concessionaire after terminating the particular scope of the contract. The responsibility of ensuring compliance to specifications will, however, rest with the nodal agency as per IRC-SP:21-2009.

2.5 The selection of species will be strictly done as per guidelines or as per the recommendation of adjoining forest department with site specific native species.

2.6 The planting agency will have no right whatsoever on the land under plantation. Such agency will not be authorized to undertake any other form of under-plantations or any other activity on such land, other than included in the approved planting scheme. An MOU shall be signed with the agency for strict compliance of the technical specification, species, maintenance schedule, survival, payment terms and conditions and on the legal right of the land as well as forest produce.

2.7 One percent of the Total Project Cost (TPC) as Plantation Fund which will be kept in a separate account with the Authorised Agency appointed by the Ministry.

2.8 The Procurement of the agency for plantation and maintenance shall be done by a committee consisting of concerned Regional Officer NHAI/MoRT&H, Representative of the Monitoring Agency and the Concessionaire in case of BOT projects. In case of Public Funded Projects, a representative of CE(Planning) MoRT&H/CGM(Environment),NHAI

मुख्य महाप्रबंधक (पर्यावरण), भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रतिनिधि भी प्रापण समिति का सदस्य होगा । वृक्षारोपण और अनुरक्षण की लागत कुल परियोजना लागत में से निर्धारित 1 प्रतिशत और प्राधिकृत एजेंसी के पास अलग रखे गए अलग खाते में से वहन की जाएगी ।

2.9 एक परामर्शी समिति होगी जिसकी बैठक तीन माह में एक बार होगी और यह मॉनीटरिंग प्रकोष्ठ को अपनी सिफारिशें/परामर्श देगी । जिले में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय/भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय अधिकारी/परियोजना निदेशक इस समिति के संयोजक होंगे ।

3. भूमि की आवश्यकता

3.1 वस्तु सूची के आधार पर, अतिरिक्त भू–दृश्य और यात्री सुविधाओं के संबंध में एक कार्य योजना तैयार की जानी चाहिए । यदि इस कार्यक्रम को कार्यान्वित करने के लिए उपलब्ध भूमि की चौड़ाई अपर्याप्त है, तो व्यवहार्यता/विस्तृत परियोजना रिपोर्ट अध्ययन के दौरान निम्नलिखित आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त भूमि के अधिग्रहण पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए:–

i. सटी हुई भूमि की परिरेखा के साथ–साथ कटाव और गढ्ढों में फ्लैटर साइड स्लोप प्रदान करना।

ii. उपयुक्त वृक्षों और पौधों के वृक्षारोपण के लिए पर्याप्त जगह प्रदान करना ।

iii. पार्किंग, लुक आउट स्पॉट्स और अन्य सौन्दर्य विशेषताओं के लिए पर्याप्त क्षेत्र प्रदान करना ।

4. वृक्षारोपण एजेंसी

4.1 मौजूदा सड़क साइड वृक्षारोपण की कानूनी स्थिति के आधार पर संपूर्ण राजमार्ग नेटवर्क को दो श्रेणियों में बांटा जा सकता है । ऐसे क्षेत्रों में, जहां राजमार्गों के साथ मौजूदा वृक्षारोपणों को संरक्षित वनों के रूप में अधिसूचित किया जा चुका है वहां पर वृक्षारोपण वन विभाग द्वारा या तो प्रबंधन प्रयोजन के लिए किया जाता है अथवा प्राकृतिक रूप से उगे हुए वृक्षों के लिए किया जाता है । इन क्षेत्रों के लिए, पेड़ों की कटाई के लिए अनुमति वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अंतर्गत वन विभाग से लेना अपेक्षित होता है । अनुमति देते समय, वन विभाग न केवल क्षतिपूर्ति वनरोपण (सीए) के लिए बल्कि मार्ग वृक्षारोपण के लिए भी शर्तें लगाता है । इन मामलों में, मार्ग वृक्षारोपण के लिए धनराशि वन विभाग के पास जमा करवाई जाती है और सामान्यतः उन द्वारा क्षतिपूर्ति वनरोपण (सीए) के अलावा मार्ग वृक्षारोपण का कार्य भी शुरू किया जाता है ।

will also be a member of the procurement committee. The cost of the Plantation & Maintenance will be borne from the One Percent of the Total Project Cost(TPC) earmarked and kept in a separate account with the Authorised Agency.

2.9 There will be a District level Advisory committee which will meet once in a quarter and give its recommendations/advice to the monitoring cell. The ROs/PDs of MoRTH/ NHAI in the district will be the convener of this committee.

3. Land Requirement

3.1 Based on the inventory, an action plan shall be prepared as regards additional landscaping measures and traveller amenities. If available land width is insufficient to implement this plan, acquisition of additional land shall be seriously considered keeping in view the following requirements during feasibility/DPR study:-

I. To provide flatter side slopes in cuts and fills along with contouring of the adjacent land.

II. To provide enough space for planting suitable trees and plants.

III. To provide sufficient area for parking, look out spots and other aesthetic features.

4. Plantation Agency

4.1 The entire highway network will be divided into two categories based on the legal status of the existing road-side plantations. In the first category are those areas, where plantations on the ROW have been notified as protected forests, and highway alignments passing through forest areas. For these areas, permission for tree cutting is required to be taken from the forest department under the Forest Conservation Act, 1980. While granting the permission, the forest department stipulates the conditions not only for compensatory afforestation (CA) but also for avenue plantations. In these cases, the amount for avenue plantation is deposited with the Forest Department and normally the work of avenue plantation is taken up by Forest Department apart from CA.

4.2 इन क्षेत्रों में, ऐसे राजमार्ग महामार्गों, जहां मार्गाधिकार (आरओडब्ल्यू) को संरक्षित वन के रूप में घोषित नहीं किया गया है, वहां ठेकेदार (यदि यह बीओक्यू मद है), रियायतग्राही (यदि यह रियायत करार में शामिल है), वन विभाग और राज्य में जल विभाजक विकास से संबंधित विभाग, जिला स्तर पर जल विभाजक सह डाटा केन्द्र (डब्ल्यूसीडीसी) और स्थानीय समुदायों/पंचायत स्तर संस्थानों/महिला स्वयं सहायता समूहों (डब्ल्यूएसएचजी), स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी)/संयुक्त वन प्रबंधन समितियों (जेएफएमसी) के साथ स्थानीय स्तर पर जल विभाजक समिति (डब्ल्यूसी) के माध्यम से अथवा खुली निविदा के माध्यम से सड़क किनारे वृक्षारोपण शुरू किया जाना चाहिए ।

4.3 निविदा प्रक्रिया के माध्यम से वृक्षारोपणः

वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अंतर्गत ऐसे खंडों/मार्गाधिकार (आरओडब्ल्यू) जिनको संरक्षित वन के रूप में घोषित नहीं किया गया है, वहां सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय और इसकी एजेंसियों के प्रापण के मानक प्रोटोकोल के अनुसार निविदा प्रक्रिया को अपनाते हुए आउटसोर्सिंग के माध्यम से वृक्षारोपण और इनका अनुरक्षण किया जाना चाहिए ।

4.4 एजेंसियों को सूचीबद्ध करना

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय सूचीबद्ध वृक्षारोपण एजेंसियों के लिए प्राधिकृत एजेंसी को नियुक्त करेगा। वृक्षों के वृक्षारोपण में विशिष्टता वाली एजेंसियों का एक अलग पैनल तैयार किया जाएगा। केवल सूचीबद्ध एजेंसियों को राष्ट्रीय राजमार्गों पर वृक्षारोपण कार्य के लिए निविदा की अनुमति दी जाएगी।

5. स्थानीय स्व निकायों की भूमिका

5.1 सड़क किनारे वृक्षारोपण के लिए, नोडल एजेंसियां वृक्षारोपण, पौधों की सिंचाई, संरक्षण और फलों को सांझा करने के लिए स्थानीय संस्थानों जैसे स्थानीय स्व निकायों, संयुक्त वन प्रबंधन समितियों (जेएफएमसी) और स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। स्थानीय स्व निकाय (एलएसजी) अपने क्षेत्रों में वृक्षारोपण एजेंसियों का चयन करने में सहायता करेंगे ।

5.2 वन विभाग द्वारा किसी सांविधिक शर्त के अनुपालन में किए गए वृक्षारोण को छोड़कर, संपूर्ण वृक्षारोपण नोडल एजेंसी द्वारा वृक्षारोपण एजेंसी के साथ किए गए समझौता ज्ञापन के अंतर्गत किए जाएंगे ।

5.3 अन्य सरकारी विभागों और एजेंसियों की योजनाओ के साथ अभिसरण को जोड़ा जाएगा और प्रोत्साहित किया जाएगा जहां कहीं व्यवहार्य होगा ।

4.2 As the second category, such highway corridors where the ROW is not declared as protected forest, the roadside plantations may be taken up either through the contractor (if it is a BOQ item) or the Concessionaire (if it is included in the concession agreement), forest department and department dealing the Watershed Development in the State, Watershed Cell-cum-Data Centre[WCDC] at district level and the Watershed Committee [WC] at local level with local communities /local self government institutions / Women Self Help Groups (WSHGs) / Self Help Groups (SHGs) / Joint Forest Management Committees (JFMC), or through open bidding by empanelled agencies.

4.3 **Plantation through bidding process:**

The plantations and its maintenance may be taken up through outsourcing following bidding process as per standard protocol of procurement of MoRTH and its agencies for the stretch/ROW not declared as protected forest under Forest Conservation (Act) 1980.

4.4 **Empanelment of Agencies**

Ministry of Road Transport and Highways will appoint an authorised agency for empanelment of Plantation Agencies. A separate panel of Agencies having specialisation in Transplanting of trees will also be prepared. Only empanelled agencies will be allowed to bid for planting work on the National Highways.

5. Role of Local Self Governments

5.1 For roadside plantations, nodal agencies will be encouraged to involve the local institutions like local self governments, JFMCs & SHGs for plantations, watering, protection and sharing of usufructs. Local Self Governments [LSGs] may assist in selecting the plantation agencies in their areas.

5.2 All plantations, except those carried out by the Forest Department in compliance to any statutory condition, will be carried out under an MOU entered by the nodal agency with the plantation agency.

5.3 Convergence with schemes of other government departments and agencies will be articulated and encouraged wherever feasible.

6. वृक्षारोपण योजना

6.1 वृक्षारोपण योजना मुख्यतः दो श्रेणियों में वर्गीकृत की गई है जो इस प्रकार हैं:

क) घास और झाड़ी/बूटी सहित राजमार्ग टर्फिंग के साथ–साथ वृक्षारोपण ।

ख) मीडियन/विशेष भूदृश्य/तटबंध ढलाव पर वृक्षारोपण ।

6.2 सड़क किनारे वृक्षारोपण के लिए वृक्षों की प्रजातियों का चयनः

6.2.1 वृक्षारोपण सोफ्ट लैंडस्केपिंग के महत्वपूर्ण घटकों में एक है। वृक्षों, झाड़ियों और लताओं का उपयोग अधिकतर योजनाओं में कठोर तत्वों के लिए मुलायम प्राकृतिक माहौल को बढ़ाने के लिए किया गया है। वृक्षारोपित की जाने वाली प्रजातियों का निर्णय वृक्षों की भौतिक वृद्धि विशेषताओं जैसे रूप और आकार, पत्तों का पैटर्न, वृद्धि दर, ब्रांचिंग पैटर्न, मृदा विशेषता और पट्टी की दिशा जैसे जल भराव क्षेत्र आदि के आधार पर किया जाना चाहिए। भूदृश्य के लिए वृक्षों की प्रजातियों का चयन करते समय, उन प्रजातियों, जो परियोजना महामार्ग के साथ–साथ पहले से ही मौजूद हैं, के चयन पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। दूसरी ओर, यदि शुद्ध एकल प्रजाति को सड़क की अधिकतर लम्बाई के लिए वृक्षारोपित किया जाता है तो यह सामन्जस्यपूर्ण और मनभावन दृश्य देता है। इसलिए, यह आवश्यक है कि विभिन्न प्रजातियों के मिश्रण से बचा जाए और सड़क के लम्बे खंड पर शुद्ध एकल प्रजाति को वृक्षारोपित किया जाए । इससे सौंदर्य गुणवत्ता बढ़ेगी और यह प्रबंधन को भी आसान बनाएगा।

6.2.2 वृक्षों की किस्मों का चयन और वृक्षारोपण प्रबंधन निम्नलिखित बातों पर आधारित होना चाहिएः–

i. वृक्षारोपण का लक्ष्य और उद्देश्य

ii. आकार और आकृति (आकृति और विस्तार)

iii. विभिन्न ऋतुओं और वृद्धि के स्तरों में पत्तों/फूलों/फलों की बनावट और रंग

iv. कृषि जलवायु क्षेत्रों/अंचलों के लिए अनुकूलता और उपयुक्तता

v. वृद्धि दर (धीमी/तेज), परिपक्वता की औसत आयु और प्रतिस्थापन चक्र

vi. संपोषण और वृद्धि के लिए अपेक्षित देखभाल और अनुरक्षण

vii. आर्थिक और अन्य सामाजिक/मनोरंजन संबंधी लाभ

6. Plantation Scheme

6.1 The plantation scheme has been broadly classified into two categories which are as follows:-

a) Tree planting along the Highway Turfing with grasses and shrub/herb.

b) planting on medians/special landscapes/embankment slopes.

6.2. Selection of Tree Species for roadside plantations:

6.2.1 Plantation is one of the most important constituents of soft landscaping. Trees, shrubs and climbers have been used to enhance the soft natural ambience against harsh elements in most of the enhancement schemes. The planting species are decided based on the physical growth characteristics of trees, like form and shape, foliage pattern, growth rate, branching pattern, soil characteristics and conditions of the strip like water logged areas etc. While selecting the species of trees for landscaping, a great care shall be taken to choose the species, which already exist along the project corridor. On the other hand, if a pure avenue of single species is planted for a considerable length of the road, it gives a harmonious and pleasing look. It is, therefore, essential that mixtures of different species shall be avoided and pure avenues of a single species be planted over long stretches of road. This will enhance the aesthetic quality and will also render management easier.

6.2.2 The selection of plant types and planting arrangement shall be based on the following considerations:-

I. Aim and objective of plantation

II. Shape and size (size and spread) of the canopy

III. Texture and colour of foliage/flower/fruits in different seasons and stages of growth.

IV. Adaptability and suitability to agro-climatic regions/zones

V. Growth rate (slow/fast) average age of maturity and replacement cycle

VI. After care and maintenance required for sustenance and growth

VII. Economic and other social/recreational benefits

viii. कमियां और हानियां यदि कोई हों, जैसे कीटों/कीड़ों के रोगों, पशु चराई और मानव दखलअंदाजी के प्रति प्रवृत्त होना ।

6.2.3 भूदृश्य और वृक्षारोपण संबंधी दिशा–निर्देश (आईआरसीः एसपीः 21–2009) में सड़क किनारे वृक्षारोपण और मिडियन वृक्षारोपण के संबंध में विस्तृत विनिर्देश दिए गए हैं ।

6.3 वृक्षारोपण पैटर्न

6.3.1 सड़क भूदृश्य को सम्पूर्ण खंड के लिए समग्र दृष्टिकोण की परिकल्पना करते हुए विकसित किया जाना चाहिए । ऐसी संकल्पना तैयार की जानी चाहिए ताकि मार्ग खंड के साथ–साथ भूदृश्य के संदर्भ में दृश्य विशेषता और एकरूपता बनी रहे । वृक्षारोपण के लिए एक जैसी भूमि की उपलब्धता की कमी होने पर, डिजाइन में स्थानीय विविधताओं के अनुरूप विभिन्न योजनाएं तैयार की जानी चाहिएं । इसे प्राप्त करने के लिए, परियोजना महामार्ग के सम्पूर्ण खंड को उपलब्ध चौड़ाई, मृदा परिस्थितियों, जलवायु (तापमान और वर्षा) और स्थलाकृति के संदर्भ में समानता के आधार पर समरूप भूदृश्य खंडों में विभाजित किया जाना चाहिए । विशेष खंड के लिए उपयुक्त प्रजातियों के चयन में सक्षमता प्रदान करने के लिए फील्ड सर्वेक्षणों के भाग के रूप में इन खंडों के सहज स्थानीय वनस्पति और वनस्पतिक आवरण पर अध्ययन किया जाना चाहिए । उपलब्ध मार्गाधिकार के आधार पर, निम्नलिखित प्रकार से वृक्षारोपण पैटर्न तैयार किया जाना चाहिएः–

- राजमार्ग के साथ–साथ पहली पंक्ति में छोटे से मध्यम आकार के सौंदर्य वृक्ष होने चाहिए ।
- चौड़ाई की उपलब्धता के आधार पर उत्तरवर्ती पंक्तियों में पहली पंक्ति में लगे वृक्षों से ज्यादा ऊंचाई की सौंदर्य और/अथवा छाया वाली प्रजातियां होंगी । ग्रामीण खंडों में पिछली पंक्ति हमेशा छायादार ऊंचे वृक्षों की होगी ।
- मीडियन में झाड़ियों का वृक्षारोपण ।
- मीडियन में ग्राउंड कवर के रूप में घास की प्रजातियों का वृक्षारोपण, विशेष भूदृश्य और तटबंध ढलाव ।
- मीडियन में घास रोपण, विशेष भूदृश्य और तटबंध ढलाव ।

6.3.2 सारणी 1, 2 और 3 में कुछ ऐसी प्रजातियों की सूची दी गई है जिनका सामान्यतः पूरे भारत में वृक्षारोपण किया जाता है ।

VIII. Drawbacks and demerits if any, like prone to insects/pests disease, animal grazing and human interference.

6.2.3 The Guidelines on Landscaping and Tree Plantation (IRC:SP:21-2009), provide for detailed specifications with respect to roadside plantations and Median Plantation.

6.3. Plantation Pattern

6.3.1 The road landscape shall be developed envisaging a holistic approach to the entire stretch. A concept shall be evolved so as to maintain visual characteristics and uniformity in terms of landscape along the stretch. In the absence of uniform land availability for the plantations, different schemes may be worked out in tune with local variations in the design. To achieve this, the entire stretch of the project corridor shall be divided into homogenous landscape sections based on similarity in terms of available width, soil conditions, climate (temperature and rainfall) and topography. A study on the local flora and vegetative cover native to these sections shall be carried out as part of the field surveys to enable a choice of the suitable species for particular section. Depending on the available ROW, plantation pattern shall be worked out as follows:-

- The first row along the Highways will be of small to medium sized ornamental trees.
- Subsequent rows depending on the availability of width will comprise of ornamental and/or shade bearing species, of more height than those in the first row. In rural sections the last row will always be of shade bearing tall trees.
- Planting of shrubs in the median.
- Planting of herbaceous species as ground cover in the median, special landscapes, and embankment slopes.
- Turfing with grass in the median, special landscapes, and embankment slopes.

6.3.2 Table 1, 2 and 3 list a few species, which can generally be planted throughout India.

सारणी–1:

मार्ग वृक्षारोपण की पहली पंक्ति के लिए संस्तुत प्रजातियां

क्र. सं.	मृदा	वानस्पतिक नाम	स्थानीय नाम
1.	लोमी	*डिलोनिक्स रेजिया*	गुलमोहर
